राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

**राजभवन देहरादून 29 अक्टूबर, 2022**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में बाल शिक्षा सदन स्कूल, बड़कोट उत्तरकाशी के बच्चों ने मुलाकात की। राज्यपाल सभी बच्चों से बेहद आत्मीयता से मिले और उन्होंने बच्चों से संवाद किया। बच्चों से संवाद करते हुए राज्यपाल ने उनके शौक(Hobby) के बारे में पूछा जिनका सभी बच्चों ने बेहद उत्सुकता के साथ जवाब भी दिए। राज्यपाल से मिलकर सभी बच्चे बहुत खुश नजर आए। बच्चों से सवाल जवाब के दौरान राज्यपाल भावुक भी हो गए।

इस दौरान राज्यपाल ने बच्चों का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि हमेशा ऊंचे सपने देखें और उन्हें पूरा करने के लिए दृढ़ निश्चय कर मेहनत करते रहें। सपनों को सच करने के लिए हमेशा कड़ी मेहनत और लगन के साथ कार्य करते रहें। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए आत्म अनुशासन और समय का सदुपयोग बेहद जरूरी है। एक अच्छा नागरिक बनकर देश व राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय के साथ चलना बेहद जरूरी है इसके लिए बच्चों को अभी से ही आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर जोर देने को कहा। राज्यपाल ने स्कूल में कंप्यूटर आदि के लिए रुपये 50000 की आर्थिक सहायता भी प्रदान की।

राज्यपाल ने कहा कि अमृत काल के आने वाले 25 सालों में आप सभी देश एवं प्रदेश के कर्णधार होंगे। विकसित भारत में आपका बेहद महत्वपूर्ण योगदान होगा। उन्होंने कहा कि आप सभी बच्चों के योगदान से उत्तराखण्ड और भारत सर्वश्रेष्ठ स्थान पर होगा। राज्यपाल ने सभी बच्चों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर स्कूल की प्रबंधक श्रीमती ऊषा थपलियाल, प्रधानाचार्य कमलेश शाह, श्री सुनील थपलियाल सहित स्कूल के अन्य अध्यापकगण और बच्चे उपस्थित रहे। बच्चों ने राजभवन में शिव मंदिर और बोनसाई गार्डन का भ्रमण भी किया।

..........0..........